"पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ।"

कु. लक्ष्मीछाया बाबुराव पृथ्वीराज

दोस्तों आज की खास जानकारी में हमारा विद्यालय **गणेश इंग्लिश मेडियम ऑण्ड ज्युनिअर कॉलेज ऑफ कला वाणिज्य और विज्ञान दापोडी पुणे–४११ ०१२** आपके लिए लेकर आए हैं पेड़ लगाओं बचाओं पर विशेष जानकारी जिसे पढ़कर आपको पेड़ों के महत्त्व को समझने में मिलेगी मदद और इसके विशेष संरक्षण की दिशा में आप सकारात्मक कदम उठा सकेंगे ।

१) पेड़ - पौधे मत करो नष्ट, साँस लेने में होगा कष्ट।

२) हमारे पेड़ो का संरक्षण, हमारे भविष्य का संरक्षण

३) पेड़ है प्रकृति के रक्षक, काट के न तुम बनो भक्षक

४) पेड़ काटने में न कोई शान, बढ़ रहा पृथ्वी का तापमान

५) जब भी हम पेड़ लगायेंगे, लाखो जीवो की जान बचायेंगे

आजकल लोग अपने स्वार्थ और लालच के लिए पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कर, पर्यावरण के साथ जमकर खिलवाड़ कर रहे हैं। पेड़ काटने की वजह से न सिर्फ ग्लोबल वार्मिंग की समस्या अब विकराल रुप धारण करती जा रही है। अगर पेड़ों को नहीं बचाया गया तो हर तरफ हाहाकार मच जाएगा और मनुष्य और जीव-जंतु सभी का आस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा, इसलिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना चाहिए। पेड़ हम सभी के जीवन के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। पेड़ों के बिना हम अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। यह न सिर्फ हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं बल्कि खाने के लिए भोजन भी उपलब्ध करवाते हैं।

पेड़, पर्यावरण को सुरक्षित रखने में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए हम सभी का दायित्व है कि हम लोग पेड़ों के महत्व को समझें और इसे बचाने के लिए हम सभी लोग मिलकर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएंगे, तभी हम अपने पर्यावरण को बचा सकेंगे।

वर्तमान में प्रगति के नाम पर पेड़ों का अधिक मात्रा में दोहन हो रहा है। ऐसे में पेड़ों को बचाने के लिये प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक करना आवश्यक है।

गणेश इंग्लिश मेडियम स्कूल ॲण्ड ज्युनिअर कॉलेज ऑफ आर्ट्स, कॉमर्स ॲण्ड सायन्स दापोडी, पुणे–४११ ०१२